**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०**
**(राज्यपाल सूचना परिसर )**
**-----**

# राज्यपाल ने विकासखंड असमोली के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय इटायला माफी संभल (बहजोई) का किया भ्रमण

**------**

## राज्यपाल की अध्यक्षता में पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय इटायला माफी में जनपद संभल की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

**------**

## राज्यपाल ने 35 बच्चों को जिला प्रशासन एवं उम्मीद संस्था के साझा प्रयास से स्कूल बैग का किया वितरण

**------**

## राज्यपाल ने विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से 08 ट्राई साइकिलों का वितरण भी किया

**------**

## हमारी जिम्मेदारी है कि समाज के द्वारा या सरकार के द्वारा आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को अच्छा भोजन मिले

**------**

## संघर्षमय जीवन व्यक्ति के व्यक्तित्व में बदलाव लाता है

**------**

राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 19 फरवरी, 2025

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज विकासखंड असमोली के पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय इटायला माफी संभल (बहजोई) का भ्रमण किया। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के माध्यम से 08 ट्राई साइकिलों का वितरण भी किया।

राज्यपाल जी ने आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत बाल सुलभ फर्नीचर किट (11 नग) तथा फसल अवशेष प्रबंधन के अन्तर्गत एक ट्रैक्टर एवं अन्य यंत्रों का वितरण किया। एक भूमिहीन लाभार्थी को भूमि पट्टा,105 निःक्षय पोषण पोटली किट, शिक्षा विभाग के 105 बच्चों को पुस्तकें एवं कन्या सुमंगला योजना के द्वारा

कन्याओं को 5 किट का वितरण किया तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर कन्याओं को एक कप एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। एनआरएलएम के अन्तर्गत 32 करोड़ 97 लाख 15 हजार का सीसीएल, आर.एफ. एवं सीआईएफ का चेक वितरण किया।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने अपने संबोधन में विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि सभी शिक्षक एवं प्रशासनिक अधिकारी बधाई के पात्र हैं क्योंकि वे ऐसे कार्यक्रम कर रहे हैं जो समाज को अच्छा संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि समाज के द्वारा या सरकार के द्वारा आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक विद्यालयों में अच्छा भोजन बच्चों को मिले। आम जन के बच्चे जहां पढ़ते हैं वहां सबसे ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है तथा सभी सुविधाएं वहां दी जानी चाहिएं। उन्होंने मंच का संचालन बच्चों के द्वारा किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि ऐसी व्यवस्थाएं सभी स्कूलों में होनी चाहिए ताकि बच्चे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने पीएम श्री विद्यालय की सराहना की और कहा कि यह कल्पना प्रधानमंत्री जी की है। संघर्षमय जीवन व्यक्ति के व्यक्तित्व में बदलाव लाता है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि जिस प्रकार उनको अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है उसके हिसाब से ही स्कूल में बच्चों को पढ़ाया जाए ताकि बच्चों का भविष्य उज्जवल हो सके।

इसके उपरांत महामहिम राज्यपाल महोदया जी की अध्यक्षता में पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय इटायला माफी में जनपद संभल की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने समीक्षा बैठक के प्रमुख बिंदुओं से महामहिम राज्यपाल महोदया जी को अवगत कराया। जिसमें संभल तीर्थाटन एवं पर्यटन वंदन योजनान्तर्गत  देव तीर्थ  यमघण्ट तीर्थ का भूमि पूजन के विषय में जानकारी दी एवं जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में 87 तीर्थ हैं यहां 24 कोसीय परिक्रमा भी की जाती है और उन्होंने कहा कि संभल को एक तीर्थ नगरी के रूप में विकसित करने की योजना है।

जिलाधिकारी ने त्रिनेत्र संभल कल्कि नगरी समिति के अंतर्गत जनपद को सीसीटीवी कैमरे से लैस करने की योजना के विषय में भी बताया और उन्होंने जनपद में प्रथम बार आयोजित किए गए प्रथम संभल कल्कि महोत्सव /विकासोत्सव 2024 के विषय में भी जानकारी दी।

जिलाधिकारी ने 16 पीएम श्री विद्यालय एवं संभल श्री विद्यालयों के निर्माण एवं पीएम श्री विद्यालय के अंतर्गत पांच यात्राओं के विषय में जानकारी दी एवं उन्होंने बताया कि पीएम श्री विद्यालयों के निर्माण से बच्चों की उपस्थिति पर विशेष प्रभाव पड़ा है जिससे बच्चों  की उपस्थित बढी है। जिलाधिकारी ने तिथि भोजन, दर्पण पोर्टल पर जनपद की रैंकिंग, भरोसे की पर्ची, डी.पी.एम.यू एवं पीएम श्री कंट्रोल रूम, जनपद संभल के प्रथम वाद मुक्त ग्राम अखवंदपुर, जिला संयुक्त चिकित्सालय संभल में डिजिटल पंजीकरण काउंटर, भिक्षा से शिक्षा की ओर जिला प्रशासन एवं उम्मीद संस्था का साझा प्रयास, जनपद में आलू एवं स्ट्रॉबेरी की खेती, विद्यालयों में एस्ट्रोनॉमी लैब, ऑपरेशन क,ख,ग,घ, चमक, उभरता भारत  संवरता संभल के अंतर्गत नगर पालिका संभल द्वारा शहरी सौंदर्यीकरण, स्वामित्व योजना, पोषण अभियान, मनरेगा के अंतर्गत महावा नदी का पुनर्जीवन, ग्राम चौपाल गांव की समस्या का गांव में समाधान, पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल जी ने कहा कि जनपद की प्रगति पुस्तिका को बहुत ही गौर से उन्होंने पढा एवं जनपद में हो रहे कार्यों की सराहना करते हुए अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने तिथि

भोजन को लेकर कहा कि इसमें लोग सहयोगी बने।
उन्होंने गुजरात में उनके द्वारा किए गए परिवर्तन के विषय में भी  बताया कि 2007 में खतौनियों को ऑनलाइन किया था। परिवर्तन  इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम  से अच्छे से कर सकते हैं और उन्होंने पुलिस प्रशासन को अलर्ट रहने के लिए कहा ।
राज्यपाल जी ने 35 बच्चों को जिला प्रशासन एवं उम्मीद संस्था के साझा प्रयास से  स्कूल बैग का वितरण गया। संभल जिले में इस अभियान के अंतर्गत भिक्षावृति से जुड़े हुए बच्चे एवं लोगों को पुनर्वासित करने का प्रयास किया जाएगा जिससे यह भी समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकेंगे और एक बेहतर जीवन की तरफ अग्रसर होंगे। जिलाधिकारी ने राज्यपाल जी को जनपद के 87 प्राचीन तीर्थों से संबंधित एक तस्वीर भेंट की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ अनामिका यादव जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक, पीएम श्री विद्यालयों के ब्रांड एंबेसडर एवं पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय इटायला माफी के प्रधानाध्यापक कपिल मलिक, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, पश्चिमी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, पूर्व विधायक परमेश्वर लाल सैनी समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्रः
डॉ0 संगीता चौधरी,
सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0:  9161668080












श्रीमती आनंदीबेन पटेल
महामहिम राज्यपाल महोदया, उ0प्र0
की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक
19-02-2025


श्रीमती आनंदीबेन पटेल


पी.एम. श्री
प्राथमिक विद्यालय
Transforming
Education
Quality
Assurance
(Major Pillars)



